E-mail

# मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड

## 26 अरेरा हिल्स, किसान भवन, जेल रोड भोपाल

क्रमांक/स्थापना/मि.परी./458 पार्ट/51 भोपाल, दिनांक 25/04/2024

// आदेश //

म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड भोपाल के आदेश क्रमांक/बोर्ड/स्थापना/657 दिनांक 05.10.2023 एवं आदेश क्रमांक/बोर्ड/स्थापना/ख/391/3342 दिनांक 09.02.2024 द्वारा प्रदेश की कृषि उपज मण्डियों में संचालित मिट्टी परीक्षण प्रयोगशालाओं में नियुक्त अमले तथा मण्डी बोर्ड मुख्यालय भोपाल के संविदा वाहन चालकों का म.प्र.. शासन, सामान्य प्रशासन विभाग के आदेश क्रमांक/सी-5-2/2018/1/3 भोपाल दिनांक 22 जुलाई 2023 के अंतर्गत धारित पदों की समकक्षता एवं सातवें वेतनमान में मेट्रिक्स लेबल का निर्धारण करते हुए भुगतान की स्वीकृति प्रदान की गई है।

म.प्र. शासन सामान्य प्रशासन विभाग के आदेश क्रमांक/सी-5-2/2018/1/3 दिनांक 22 जुलाई 2023 की कंडिका-4 के अनुपालन में म.प्र. शासन किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग तथा शासन के अन्य विभागों में नियुक्त संविदा कर्मियों को धारित नियमित पदों की समकक्षता का सातवें वेतनमान में मेट्रिक्स लेबल में किये गये निर्धारण अनुसार प्रदेश की कृषि उपज मण्डियों में संचालित मिट्टी परीक्षण प्रयोगशालाओं तथा मण्डी बोर्ड मुख्यालय भोपाल के संविदा कर्मियों को पूर्व में जारी आदेश दिनांक 05.10.2023 एवं 09.02.2024 में संशोधन करते हुए निम्नानुसार पुनर्निर्धारित पारिश्रमिक (मानदेय) की स्वीकृति प्रदान की जाती है :-

| क्र. | संविदा पद का नाम | समकक्ष नियमित पद का नाम | समकक्ष नियमित पद का सातवें वेतनमान का पे-मेट्रिक्स लेबल | समकक्ष नियमित पद का सातवें वेतनमान का प्रगणित न्यूनतम पारिश्रमिक | प्रगणित एवं पुनर्निर्धारित पारिश्रमिक संबंधित संविदा कर्मचारी को दिनांक 01 अगस्त-2023 से देय पारिश्रमिक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | मिट्टी परीक्षण प्रयोगशाला प्रभारी (मृदा विशेषज्ञ) | वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी (कृषि विभाग) | 9 | 36200/ | 47300/ |
| 2 | प्रयोगशाला (लेब) टेक्नीशियन | ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी (कृषि विभाग) | 6 | 25300/ | 33100/ |
| 3 | वाहन चालक (मंडी बोर्ड/मि.परी.) | वाहन चालक | 4 | 19500/ | 25500/ |

यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा।

25/04/24

(श्रीमन् शुक्ला)

प्रबंध संचालक सह आयुक्त

मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड

भोपाल

70

G:\RajeshMistri 202\Sawida Niukti\Order.doc

क्रमांक/स्थापना/मि.परी./458 पार्ट/52 भोपाल, दिनांक 25/04/2024

प्रतिलिपि :- सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु ।

1. विशेष सहायक माननीय मंत्री जी, म.प्र. शासन किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग सह अध्यक्ष मंडी बोर्ड भोपाल।
2. निज सहायक प्रबंध संचालक, म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड भोपाल ।
3. अपर संचालक (वित्त) म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड मुख्यालय भोपाल ।
4. अधीक्षण यंत्री म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड मुख्यालय भोपाल।
5. संयुक्त संचालक/उपसंचालक/कार्यपालन यंत्री म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड आंचलिक कार्यालय समस्त।
6. लेखाधिकारी लेखा/पेंशन/अंकेक्षण मंडी बोर्ड भोपाल।
7. भारसाधक अधिकारी/सचिव कृषि उपज मण्डी समिति ..................... जिला .................
8. श्री ....................................... पदनाम........................... मंडी बोर्ड भोपाल।
9. आदेश नस्ती/लेखाशाखा/निर्माण शाखा/कम्प्यूटर शाखा/सी.आर./सामान्य भविष्य निधि शाखा/पेंशन शाखा/अंकेक्षण शाखा/जी.पी.एफ शाखा/व्यक्तिगत नस्ती.

प्रबंध संचालक सह आयुक्त
मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल